भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2936**

जिसका उत्तर 29 मार्च, 2022/8 चैत्र, 1944 (शक) को दिया गया

**100 करोड़ रूपये से अधिक की बैंकिंग धोखाधड़ी**

2936. श्रीमती छाया वर्मा :
चौधरी सुखराम सिंह यादव:
श्री विशम्भर प्रसाद निषाद:
श्री राम नाथ ठाकुर:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2021-22 में रिपोर्ट किए गए 100 करोड़ रूपये से अधिक की बैंकिंग धोखाधड़ी के मामलों का बैंक-वार ब्यौरा क्या है; और

(ख) दोषी अधिकारियों और धोखबाजों के खिलाफ की गई कार्रवाई का धोखेधड़ी-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)**

**(क):** 1 अप्रैल, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक की अवधि तक के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और चयनित वित्तीय संस्थाओं (एफआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोधाखधड़ी का बैंक-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

**(ख):** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने धोखाधड़ी को रोकने, इसकी पहचान आरंभ में ही करने, आरबीआई एवं अन्वेषण एजेंसियों को इसकी सूचना देने और कर्मचारी जवाबदेही कार्यवाही समय पर आरंभ करने के लिए बैंकों को ध्यान देने के लिए निदेश देने हेतु वाणिज्यिक बैंकों और चयनित वित्तीय संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी को वर्गीकृत करने तथा इसकी सूचना देने के संबंध में मास्टर निदेश जारी किया है। धोखाधड़ी करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई इस संबंध में बनाए गए नियमों/विनियमों के अनुसार की जाती है।

इसके अतिरिक्त, जालसाजों, चूककर्ताओं को रोकने के लिए भी कई उपाय किए गए हैं, जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित भी शामिल हैं :

(i) भगौड़ा आर्थिक अपराधी की संपत्ति को जब्त करने, ऐसे अपराधियों की संपत्ति को कुर्क करने और अपराधी को किसी सिविल दावे में बचाव करने के हक से वंचित करने के लिए भगौड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 को अधिनियमित किया गया है।

(ii) लुकआउट परिपत्र जारी करने के लिए अनुरोध करने हेतु पीएसबी के प्रमुखों को अधिकार प्रदान किया गया है।

(iii) सरकार द्वारा पीएसबी को आरबीआई के अनुदेशों और अपनी बोर्ड अनुमोदित नीतियों के अनुसार इरादतन चूककर्ताओं की फोटो को प्रकाशित करने पर निर्णय लेने का सुझाव दिया गया है।

(iv) पीएसबी को 50 करोड़ रुपये से अधिक ऋण सुविधा प्राप्त करने वाली कंपनियों के प्रवर्तक/निदेशक और अन्य प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के पासपोर्ट की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

*****

अनुबंध

29 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2936

1 अप्रैल 2021 से 31 दिसंबर, 2021 तक की अवधि के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) और चयनित वित्तीय संस्थओं (एफआई) के 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का बैंक-वार ब्यौरा

| बैंक का नाम | धोखाधड़ियों की संख्या | अंतर्ग्रस्त राशि (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|
| एक्सिस बैंक लिमिटेड | 2 | 511 |
| बंधन बैंक लिमिटेड | 1 | 385 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 7 | 2,011 |
| बैंक ऑफ इंडिया | 13 | 3,925 |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 2 | 896 |
| केनरा बैंक | 5 | 2,658 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 2 | 228 |
| एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया | 1 | 182 |
| एचडीएफसी बैंक लिमिटेड | 1 | 126 |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड | 4 | 1,908 |
| आईडीबीआई बैंक लिमिटेड | 4 | 2,227 |
| इंडियन बैंक | 7 | 1,628 |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 3 | 875 |
| इंडसइंड बैंक लिमिटेड | 1 | 104 |
| जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड | 1 | 138 |
| कर्नाटक बैंक लिमिटेड | 1 | 138 |
| करूर वैश्य बैंक लिमिटेड | 2 | 333 |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 1 | 215 |
| पंजाब नैशनल बैंक | 10 | 4,820 |
| आरबीएल बैंक लिमिटेड | 1 | 186 |
| सोसाइटी जनरल | 1 | 104 |
| स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक | 1 | 121 |
| भारतीय स्टेट बैंक | 8 | 3,902 |
| द इंडस्ट्रियल फाइनेंस कॉर्प ऑफ इंडिया लिमिटेड | 1 | 490 |
| यूको बैंक | 1 | 375 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 4 | 1,742 |
| यस बैंक लिमिटेड | 11 | 3,869 |

स्रोत:भारतीय रिजर्व बैंक

*****